षोडश बिहार विधान सभा

त्रयोदश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-01 शुक्रवार, दिनांक- 28 जून, 2019 ई० ।

मानानीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.22 बजे पूर्वा० तक ।

[1] **अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन** :- (यथा संलग्न)

[2] **अध्यक्ष द्वारा दी गई आवश्यक सूचना** :-

(क) आसन द्वारा सदन को सूचना दी गई कि षोडश बिहार विधान सभा के निम्नलिखित माननीय सदस्यों द्वारा सदन से अपने स्थान का त्याग कर दिया गया है :-

क्र०सं०	माननीय सदस्य का नाम	क्षेत्र संख्या	सदन से त्याग की तिथि
(i)	श्री दिनेश चन्द्र यादव	76	29.05.2019
(ii)	श्री गिरिधारी यादव	163	29.05.2019
(iii)	डा० मुहम्मद जावेद	54	30.05.2019
(iv)	श्री अजय कुमार मंडल	158	03.06.2019
(v)	श्रीमती कविता सिंह	109	04.06.2019

(ख) आसन द्वारा सदन को सूचना दी गई कि षोडश बिहार विधान सभा में राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के माननीय सदस्य श्री ललन पासवान, क्षेत्र संख्या-207 (चेनारी, आ०जा०) एवं श्री सुधांशु शेखर, क्षेत्र संख्या-31, (हरलाखी) द्वारा जनता दल युनाईटेड में विलय किए जाने के अनुरोध पर भारत के संविधान की 10वीं अनुसूची के प्रावधान के अधीन जनता दल युनाइटेड में विलय की मान्यता प्रदान कर दी गई है ।

[3] **अध्यासी सदस्यों का मनोनयन** :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने षोडश बिहार विधान सभा के त्रयोदश सत्र के लिए निम्नांकित माननीय सभासदों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया :-

(i) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह

(ii) श्री मो० नेमतुल्लाह

(iii) श्री तार किशोर प्रसाद

(iv) श्री (डा०) अशोक कुमार

(v) श्रीमती (डा०) रंजू गीता

[4] कार्यमंत्रणा समिति का गठन :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने षोडश बिहार विधान सभा के त्रयोदश सत्र के लिए निम्न प्रकार कार्य मंत्रणा समिति का गठन किया :-

(i)	अध्यक्ष, बिहार विधान सभा	सभापति
(ii)	श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री	सदस्य
(iii)	श्री सुशील कुमार मोदी, उप मुख्यमंत्री	सदस्य
(iv)	श्री श्रवण कुमार, मंत्री, संसदीय कार्य	सदस्य
(v)	श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा	सदस्य
(vi)	श्री प्रेम कुमार, मंत्री, कृषि	सदस्य
(vii)	श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता, विरोधी दल	सदस्य
(viii)	श्री सदानन्द सिंह, स०वि०स०	सदस्य

विशेष आमंत्रित सदस्य

(i) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, स०वि०स०

(ii) श्री महबूब आलम, स०वि०स०

(iii) श्री राजू तिवारी, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति एवं सभा सचिव इसके सचिव होंगे।

[5] अनुमत विधेयकों का विवरण सभा पटल पर रखा जाना :-

सभा सचिव द्वारा बिहार विधान सभा के द्वादश सत्र में उद्‌भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित विधेयक के विवरण को सभा पटल पर रखा गया।

विधेयक का नाम	अनुमति की तिथि
(i) बिहार विनियोग विधेयक, 2019	21.02.2019
(ii) बिहार विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2019	21.02.2019
(iii) इन्दिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2019	21.02.2019
(iv) बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों तथा शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन में (आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए) आरक्षण विधेयक, 2019	23.02.2019
(v) बिहार भूमि सुधार (अधिकतम सीमा निर्धारण तथा अधिशेष भूमि अर्जन)(संशोधन)विधेयक, 2019	23.02.2019
(vi) बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (संशोधन) विधेयक,.2019	23.02.2019
(vii) बिहार प्रारंभिक विद्यालय शिक्षा समिति (निरसन) विधेयक, 2019	23.02.2019
(viii) बिहार अधिवक्ता कल्याण निधि (संशोधन) विधेयक, 2019	23.02.2019
(ix) बिहार निजी विद्यालय (शुल्क विनियमन) विधेयक, 2019	23.02.2019

[6] शोक प्रकाश :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिर शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की ।

(i) स्व० राम लाल सिंह, पूर्व० स०वि०स०
(ii) स्व० संजय कुमार, पूर्व० स०वि०स०
(iii) स्व० अम्बिका प्रसाद, पूर्व० स०वि०स०
(iv) स्व० रमणिका गुप्ता, पूर्व० स०वि०स०, पूर्व० स०वि०प०
(v) स्व० यमुना प्रसाद राम, पूर्व० स०वि०स० एवं पूर्व राज्यमंत्री, बिहार सरकार
(vi) स्व० महेश पासवान, पूर्व० स०वि०स०
(vii) स्व० महेन्द्र बैठा, पूर्व० स०वि०स०
(viii) स्व० नीता चौधरी, पूर्व० स०वि०स०

चमकी बुखार यानि A.E.S. (एक्यूट इंसेफ्लाईटिस सिन्ड्रोम) से मुजफ्फरपुर एवं अन्य जिलों में सैंकड़ों मासूम बच्चों का असामयिक निधन एवं अन्य प्राकृतिक आपदाएँ जैसे-भीषण गर्मी और लू तथा ठनका बिजली गिरने के कारण गया एवं औरंगाबाद सहित विभिन्न जिलों में कई जानें गई, इसपर सदन मर्माहत हुआ ।

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना सम्बन्धित शोकाकुल परिवारों के पास मेरे एवं सदन की ओर से भेज दिया जाय ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक-01 जुलाई, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-28.06.2019

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।